UP Board Solutions for Class 6 Civics Chapter 2 ग्रामीण स्थानीय स्वशासन

अभ्यास

प्रश्न 1.
रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

(क) ग्राम पंचायत का चुनाव 5 वर्ष के लिए होता है।
(ख) पंचायत समिति के सदस्यों को चुनने वाले मतदाता की आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए।
(ग) ग्राम पंचायत के प्रधान को **ग्राम प्रधान** कहते हैं।
(घ) पंचायत की जिम्मेदारी गाँव की दशा **सुधारने** की होती है।
(ङ) पंचायत को सरकार द्वारा **अनुदान** मिलता है।

प्रश्न 2.
दिए गए कथनों में जो सही हों उनके आगे सही (✓) और जो कथन गलत हों उनके आगे गलत (✗) का चिह्न लगाइए –

(क) पंचायत समिति का कार्य ग्राम में रोशनी का प्रबन्ध करना है। (✓)
(ख) हर ग्राम सभा में एक पंचायत समिति होती है। (✓)
(ग) पंचायत समिति के सदस्यों की संख्या निश्चित होती है। (✗)
(घ) मेला, दुकान, मकान आदि पर लगे कर द्वारा गाँव पंचायत की आय होती है। (✓)

प्रश्न 3.
मिलान कीजिए –
उत्तर :



प्रश्न 4.
ध्यान से पढ़िए और बताइए –

(क) ग्राम पंचायत के सदस्यों को चुने जाने के लिए कम से कम कितनी आयु होनी चाहिए ?
उत्तर :
न्यूनतम 18 वर्ष ।

(ख) अपने ग्राम सभा के प्रधान का नाम लिखिए।
उत्तर :
विद्यार्थी स्वयं लिखें।

(ग) आपकी ग्राम सभा की पंचायत समिति में कुल कितने सदस्य हैं ?
उत्तर :
विद्यार्थी अपने गाँव के आधार पर स्वयं लिखें।

(घ) ग्राम पंचायत के कार्य लिखिए।
उत्तर :
पंचायत की जिम्मेदारी गाँव की दशा सुधारने की है। ग्राम पंचायत यह देखती है कि गाँव की जनता प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के द्वारा स्वास्थ्य की सुविधा प्राप्त कर रही है या नहीं। यह बच्चों की शिक्षा के लिए विद्यालय की निगरानी करती है। गाँव की गलियों में खड़न्जा बिछवाने, सड़क बनवाने, पानी की निकासी के लिए नाली बनवाने, बिजली, पीने के पानी इत्यादि की व्यवस्था तथा जन्म और मृत्यु का ब्यौरा तैयार करने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की होती है। यह जरूरतमन्दों की पहचान करने और कार्यों की प्राथमिकता का निर्णय भी अपनी बैठकों में करती है।

गाँव की सार्वजनिक सम्पत्ति का रख-रखाव एवं इनके खरीदने तथा नीलामी का कार्य ग्राम पंचायत द्वारा ही होता है। पंचायत अपनी आमदनी तथा खर्च का हिसाब-किताब रखती है। वर्ष में दो बार ग्राम पंचायत की बैठक होती हैं। बैठक में ग्राम पंचायत यह देखती है कि पंचायत समिति अपने कार्य ठीक ढंग से कर रही है या नहीं।

(ङ) अपने गाँव में चल रही किसी सरकारी योजना का नाम व उसके कार्य लिखिए।
उत्तर :
विद्यार्थी स्वयं लिखें।

(च) यदि आपके गाँव में पंचायत न होती तो क्या कठिनाई होती ?
उत्तर :
ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी गाँव की दशा सुधारने की है। उनका कार्य है – प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा दी जाने वाली सुविधा गाँव की जनता को उपलब्ध करवाना, बिजली-पानी की व्यवस्था करवाना, सड़कें एवं नाली बनवाना तथा जन्म एवं मृत्यु का ब्योरा तैयार करवाना इत्यादि। यदि हमारे गाँव में पंचायत नहीं होती, तो हमें इन सुविधाओं से वंचित रहना पड़ता और बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता।

प्रश्न 5.
ग्राम पंचायत के सदस्यों को चुनने के लिए आप वोट क्यों नहीं दे सकते ?
उत्तर :
क्योंकि ग्राम पंचायत का सदस्य चुनने के लिए मतदाता की उम्र कम-से-कम 18 वर्ष होनी ” चाहिए।

https://www.evidyarthi.in/